Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up high-capacity FM Relay Transmitter in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मै सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली के एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में वर्तमान समय में 100 वाट की क्षमता वाले FM रिले ट्रांसमीटर संचालित है, जिसका रेंज शहरी क्षेत्र में केवल 5 से 7 किलोमीटर तक ही पहुँच पा रहा है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता है। FM रिले ट्रांसमीटर संचालन के समय संबन्धित विभाग के अधिकारी ने आश्वासन दिया था कि कुछ महीनों बाद 100 वाट की क्षमता वाला रिले ट्रांसमीटर को बदल कर अधिक क्षमता वाला FM रिले ट्रांसमीटर लगाया जाएगा, लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अत: मेरा निवेदन है, कि अमरेली में इस कम क्षमता वाले रेडियो रिले ट्रांसमीटर को बदल कर 10 किलोवाट की क्षमता वाला रिले ट्रांसमीटर लगाया जाए ताकि इसका लाभ मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों को प्राप्त हो सके।